कवायद | कौशल विकास मिशन की आईटीआई छात्रों के लिए पहल

# आईआईए-सीआईआई के साथ मिलकर युवाओं का किया जाएगा कौशल विकास

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश में युवाओं के कौशल विकास से जुड़ा कौशल विकास मिशन अब इसके लिए एक और पहल करने जा रहा है। इसके तहत प्रमुख उद्यमी संगठनों इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) व कंफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) के साथ वह रणनीतिक साझेदारी करेगा। इसके माध्यम से वह आईटीआई के छात्रों को न सिर्फ उद्योगों में भौतिक इंटर्नशिप कराएगा बल्कि रोजगार के नए रास्ते भी खोलेगा।

कौशल विकास मिशन ने हाल के दिनों में आईटीआई के छात्रों को न सिर्फ अत्याधुनिक क्षेत्र में प्रशिक्षण देकर हर क्षेत्र के लिए तैयार करने की कवायद तेज की है। बल्कि

## उद्यमी संगठनों के साथ मिलकर इनको दिलाएंगे रोजगार

इसके साथ ही उद्योगों के साथ मिलकर बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए भी वह काम कर रहा है। इसके लिए वह विभिन्न उद्यमी संगठनों के साथ एमओयू भी कर रहा है, ताकि युवाओं को रोजगार के भी बेहतर अवसर दिलाया जा सके।

इसी क्रम में अब कौशल विकास मिशन की ओर से आईआईए व सीआईआई के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ मिलकर भी इसे आगे बढ़ाने के लिए काम शुरू किया गया है। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने बताया कि हाल ही में सीआईआई के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक हुई है। बैठक में युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

## निजी आईटीआई के छात्रों को भी फायदा

युवाओं को उद्योगों में भेजने, उनसे विशेषज्ञों के साथ इंटर एक्सचेंज करने, उद्योगों में युवाओं को इंटर्नशिप कराने आदि मुद्दों पर विस्तार से बात हुई है। जल्द ही हम आईआईए के साथ भी इस तरह की बैठक करेंगे। इसमें हम यह देखेंगे कि उद्योगों की किस क्षेत्र में जरूरत है, उनको इस हिसाब से तैयार किया जाएगा, ताकि आगे चलकर वह इन उद्योगों में रोजगार भी पा सकें। पहले चरण में इसमें राजकीय आईटीआई को और आगे चलकर प्राइवेट आईटीआई में शामिल किया जाएगा।